जन्मदिन बना शक्ति प्रदर्शन, समर्थकों ने जताया भरोसा



मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

वार्ड नंबर-6 से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी एवं हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता के पौत्र पार्थ गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर सेक्टर-17 स्थित उनके आवास पर हवन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और पार्थ गुप्ता को जन्मदिन की शुभकामनाओं के साथ आगामी नगर निगम चुनाव के लिए जीत का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री कंवर पाल विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने पार्थ गुप्ता को शुभकामनाएं देते हुए चुनाव में सफलता की कामना की। इस मौके पर पार्थ गुप्ता ने उपस्थित लोगों का आभार जताते हुए कहा कि वह वार्ड नंबर-6 में नेता नहीं बल्कि बेटे की तरह सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य वार्ड को मॉडल वार्ड बनाना है और क्षेत्रवासियों की हर समस्या के समाधान के लिए वह हमेशा उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान विशाल सेठ, हरेंद्र मलिक, कैलाश मित्तल, अमित जिंदल, दीपक शर्मा, रंजिता मेहता, युवराज कौशिक, जय कौशिक, प्रमोद वत्स सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

महिला की मौत पर बवाल, परिजनों ने पुलिस पर लगाए मारपीट के आरोप

सेक्टर-16 अस्पताल में हुआ पोस्टमार्टम, रिपोर्ट के बाद मौत की वजह होगी स्पष्ट

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



चंडीगढ़ के बापूधाम कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय महिला छाया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद शुक्रवार को सेक्टर-16 अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। इस मामले को लेकर मृतका के परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं और संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मृतका के ताया पन्नू के मुताबिक, छाया अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए रात में अपनी सहेलियों आशा और रीना के साथ शहर के अलग-अलग सेक्टरों में कबाड़ इकट्ठा करने जाती थी। घटना वाली रात भी करीब 2 बजे तीनों महिलाएं रेहड़ी लेकर निकली थीं। आरोप है कि जब वे सेक्टर-18 चौक के पास पहुंचीं तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक लिया। आशा और रीना वहां से भाग गईं, जबकि छाया को पकड़ लिया गया और उसके साथ मारपीट की गई। परिजनों का कहना है कि जब सुबह तक छाया घर नहीं लौटी तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। बाद में सेक्टर-19 पुलिस स्टेशन से पता चला कि उसे सेक्टर-16 अस्पताल ले जाया गया है, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद अस्पताल में परिजनों ने हंगामा किया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं, Chandigarh Police ने मारपीट के आरोपों से इनकार किया है। पुलिस के अनुसार, महिला संदिग्ध सामान के साथ मिली थी और पूछताछ के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई। पुलिस का कहना है कि छाया हाई ब्लड प्रेशर, शुगर और अस्थमा की मरीज थी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।



भाजपा शासित नगर निगम पर एच.एस. लक्की का हमला

शगुन कश्यप | चंडीगढ़
समर न्यूज़



चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने भाजपा शासित नगर निगम और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि निगम की बैठकों में करोड़ों रुपये के महत्वपूर्ण एजेंडे जल्दबाजी में लाकर पारित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया नियमों के खिलाफ है और कांग्रेस इसका कड़ा विरोध करती है। लक्की ने कहा कि किसी भी एजेंडे को पार्षदों तक कम से कम 72 घंटे पहले पहुंचाया जाना चाहिए, ताकि वे पूरी तैयारी के साथ चर्चा कर सकें। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की जल्दबाजी और लापरवाही के कारण मनीमाजरा की 24x7 पानी परियोजना विफल रही और कई अन्य परियोजनाओं में भी भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम की बदहाल कार्यप्रणाली के कारण विकास कार्य ठप पड़े हैं और जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी हो रही है। एच.एस. लक्की ने आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जब AAP जनता के पैसे की बर्बादी की बात करती है तो उसे दिल्ली में अपने नेताओं के खर्चों को भी याद रखना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब 2024 में AAP का मेयर था, तब संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई। लक्की ने भाजपा से मांग की कि जिन टेबल एजेंडों का विरोध हुआ है, उन्हें दोबारा सदन में लाकर चर्चा की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनहित के खिलाफ कोई फैसला लिया गया तो कांग्रेस सड़कों से लेकर सदन तक विरोध करेगी।

जीरकपुर की सुषमा वैलेंसिया सोसाइटी में बिजली संकट गंभीर, निवासियों में रोष

लोगों का आरोप, प्रति यूनिट 45 रुपये की दर से बिजली मिल रही है

गुरमीत सिंह | ज़ीरकपुर
समर न्यूज़

शहर की सुषमा वैलेंसिया सोसाइटी में बिजली की समस्या ने गंभीर रूप धारण कर लिया है, जिसके कारण निवासियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। निवासियों के मुताबिक, सोसाइटी को अभी तक स्थायी बिजली कनेक्शन प्राप्त नहीं हुआ है, जिसके कारण वे जनरेटर पर चलने वाली महंगी बिजली पर निर्भर रहने को मजबूर हैं, जिसमें उनका रोजाना करीब एक लाख रुपये का खर्च आ रहा है। लोगों का कहना है कि उन्हें प्रति यूनिट 45 रुपये की दर से बिजली मिल रही है, जबकि हर रोज करीब 11 घंटे की बिजली कटौती से जीवन दूखदायी बन गया है।

- **सुविधाओं पर असरः** बिजली न होने के कारण लिफ्टें बंद रहती हैं और पानी की सप्लाई भी प्रभावित होती है। निवासियों ने बताया कि सोसाइटी के प्रोजेक्ट मालिक ने मेंटेनेंस का काम छोड़ दिया है और वे लंबे समय से गैरहाजिर हैं। इसके अलावा, बिल्डर ने स्थायी बिजली कनेक्शन के लिए जरूरी मंजूरियां नहीं लीं और न ही बिजली बोर्ड की फीस जमा करवाई।
- **निवासियों की परेशानीः** सोसाइटी में रहने वाले करीब 600 परिवारों में से लगभग 300 परिवार इस परेशानी के कारण घर छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं। निवासियों का कहना है कि उन्होंने अपनी जिंदगी की सारी कमाई यहां घर खरीदने में लगाई थी, लेकिन अब वे मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित हैं
- **बिल्डर पर आरोपः** इसके अलावा, निवासियों के अनुसार बिल्डर का लाइसेंस 2023 में समाप्त हो चुका है, जिसे नवीनीकृत नहीं किया गया। मामला अब पंजाब राज्य विद्युत नियामक आयोग के पास विचाराधीन है, जहां इस प्रोजेक्ट को 'छोड़ा हुआ' घोषित करके टेकओवर की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। मूलभूत सुविधाओं की कमी और बिल्डर की लापरवाही के खिलाफ निवासियों द्वारा लगातार रोष प्रदर्शन किए जा रहे हैं। कई घर मालिकों ने देरी से कब्जा मिलने और बिजली जैसी सुविधाएं न मिलने संबंधी रेरा पंजाब के पास भी शिकायतें दर्ज करवाई हैं, जहां बिल्डर को ब्याज देने के आदेश जारी किए गए हैं।

जीरकपुर में फर्जी ऑनलाइन भुगतान दिखा 68600 की ठगी मारी

गुरमीत सिंह | मोहाली
समर न्यूज़

जीरकपुर के बलटाना में दो जालसाजों ने एक ज्वेलर को फर्जी ऑनलाइन भुगतान दिखाकर 68,600 रुपये की सोने की अंगूठी ठग ली। घटना के बाद से स्थानीय व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

घटना का विवरणः बलटाना स्थित गुरदेव ज्वेलर्स पर दो युवक पहुंचे, जिनमें से एक बाहर मोटरसाइकिल पर रुका रहा और दूसरा दुकान के अंदर आभूषण देखने लगा। काफी देर तक डिजाइन देखने के बाद, उसने 68,600 रुपये की सोने की अंगूठी पसंद की। आरोपी ने दुकानदार राहुल वर्मा को मोबाइल पर क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान करने का नाटक किया और 'सक्सेसफुल' ट्रांजेक्शन का फर्जी मैसेज दिखाकर अंगूठी लेकर अपने साथी के साथ फरार हो गया ।

जांच और पुलिस कार्रवाईः दुकानदार को जब बैंक खाते में पैसे नहीं मिले, तब उसे ठगी का अहसास हुआ । यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें आरोपियों के चेहरे स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं । दुकानदार की शिकायत पर बलटाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है,।

व्यापारियों के लिए सतर्कता सलाहः इस घटना ने इलाके के व्यापारियों को सतर्क कर दिया है। ज्वैलर समुदाय ने अन्य दुकानदारों को सलाह दी है किः केवल मोबाइल स्क्रीन पर दिखाए गए भुगतान मैसेज पर भरोसा न करें। जब तक बैंक खाते में राशि जमा होने की पुष्टि न हो जाए, तब तक सामान न दें। दुकान में सीसीटीवी और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

विदेशी गैंग का ऑपरेटिव असलहा समेत काबू

आरोपी से .32 बोर पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस बरामद

समर न्यूज़ | मोहाली



पंजाब में संगठित अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसएएस नगर पुलिस ने एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) पंजाब के साथ संयुक्त ऑपरेशन में विदेश में बैठे गैंगस्टरों से जुड़े एक अहम ऑपरेटिव को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक .32 बोर पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।

एसएसपी एसएएस नगर हरमंदीप सिंह हंस ने बताया कि यह गिरफ्तारी 18 अप्रैल को हुई संयुक्त कार्रवाई की अगली कड़ी है, जिसमें एसएएस नगर पुलिस और AGTF ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर एक गैंगस्टर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। उस दौरान दो विदेशी पिस्टल भी बरामद की गई थीं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजय के रूप में हुई है, जो मौली जागरण का रहने वाला है। शुरुआती जांच में पता चला है कि वह विदेश में बैठे हैंडलरों के निर्देश पर काम कर रहा था और उसे ट्राइसिटी क्षेत्र में कई टारगेट दिए गए थे। पुलिस का कहना है कि समय रहते गिरफ्तारी होने से बड़ी आपराधिक घटनाएं टल गईं। एसएसपी ने बताया कि जांच के दौरान फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक खंगालने पर अजय की भूमिका सामने आई। वह पहले गिरफ्तार आरोपियों को हथियार उपलब्ध कराने के साथ-साथ विदेश में बैठे गैंगस्टरों के निर्देश पर लॉजिस्टिक सपोर्ट भी दे रहा था। खुफिया सूचना के आधार पर एसपी रूरल मनप्रीत सिंह और एसपी डेराबस्सी बिक्रमजीत सिंह बराड़ की निगरानी में संयुक्त टीमों ने कार्रवाई की। इंस्पेक्टर सुमित मोर (एसएचओ डेराबस्सी) और इंस्पेक्टर पुषविंदर सिंह की अगुवाई में टीम ने मुबारकपुर के पास घग्गर पुल के नीचे आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने भागने की कोशिश की, जिससे उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि वह पिछले एक साल से विदेश में बैठे गैंगस्टरों के लिए काम कर रहा था।

पुलिस ने आरोपी को एफआईआर नंबर 0162, दिनांक 18 अप्रैल 2026 के तहत थाना डेराबस्सी में भारतीय न्याय संहिता की धारा 111, 3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 25(6), 25(7)(i) के तहत गिरफ्तार किया है। मामले की आगे जांच जारी है।

चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत

राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने की मुलाकात

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शुक्रवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने एयरपोर्ट पहुंचकर राष्ट्रपति का अभिवादन किया। राष्ट्रपति शिमला से दिल्ली जाते समय ट्रांजिट हॉल्ट के दौरान कुछ समय के लिए चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर रुकी थीं। इस दौरान राज्यपाल कटारिया ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर उनका सम्मानपूर्वक स्वागत किया। मौके पर पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा, पंजाब के डीजीपी गौरव यादव, चीफ सेक्रेटरी एच. राजेश प्रसाद सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। ट्रांजिट ठहराव के दौरान राज्यपाल कटारिया और राष्ट्रपति के बीच चंडीगढ़ के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी हुई। बताया गया कि इस दौरान शहर में चल रही विकास परियोजनाओं, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, ट्रैफिक प्रबंधन, स्वच्छता व्यवस्था और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने, पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्रों के विस्तार और भविष्य की शहरी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। ट्रांजिट ठहराव समाप्त होने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू दिल्ली के लिए रवाना हुईं। एयरपोर्ट पर औपचारिक प्रोटोकॉल के तहत उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

कांग्रेस पार्षद प्रेम लता की चंडीगढ़ प्रशासन को लताड़

गंदगी, अवैध गतिविधियों और सुरक्षा पर कांग्रेस पार्षद ने उठाए सवाल

शगुन कश्यप | चंडीगढ़
समर न्यूज़

चंडीगढ़ नगर निगम की हाउसिंग बोर्ड की एक महीने के भीतर दूसरी बैठक इस बार काफी हंगामेदार रही। बैठक के दौरान महिला आरक्षण के मुद्दे के साथ-साथ शहर की व्यवस्थाओं पर भी तीखी बहस देखने को मिली। वार्ड नंबर 23 से कांग्रेस पार्षद प्रेम लता ने अपने क्षेत्र से जुड़े कई गंभीर मुद्दे उठाए और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। प्रेम लता ने बताया कि उनके वार्ड में आने वाले तीन सेक्टरों में करीब 29 करोड़ रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं और उनके अनुसार अब वहां कोई भी काम लंबित नहीं है। हालांकि, उन्होंने सेक्टर 34 में फैली अव्यवस्था को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वहां एक



बड़ा क्षेत्र जंगल का रूप ले चुका है, जहां सुरक्षा की स्थिति बेहद खराब है। उनका आरोप है कि यदि वहां कोई गंभीर घटना हो जाए, तो प्रशासन के लिए आरोपी तक पहुंचना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस इलाके में करीब 25 हजार छात्र पढ़ाई के लिए आते हैं, लेकिन आसपास गंदगी और अवैध गतिविधियों का बोलबाला है। कूड़ा उठाने वाले लोग प्लास्टिक अलग कर बाकी कचरा जंगल में फेंक देते हैं, जिससे हालात और खराब हो रहे हैं। प्रेम लता के अनुसार यह जमीन नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में नहीं आती, जिससे कार्रवाई में दिक्कत आती है। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां भीख मांगने वालों और कूड़ा बीनने वालों की कई पीढ़ियां रह रही हैं और अवैध रूप से करोड़ों रुपये का कारोबार चल रहा है। साथ ही चोरी और स्नैचिंग जैसी घटनाएं भी आम हो गई हैं। उन्होंने कहा कि कई बार इस मामले को लेकर डीसी और गवर्नर को पत्र लिखे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पार्षद ने प्रशासन से स्पष्ट जवाब की मांग करते हुए कहा कि या तो जिम्मेदारी तय की जाए या फिर तत्काल कार्रवाई कर हालात सुधारे जाएं। प्रेम लता का कहना है कि मेरे इलाके में सभी कार्य पूरे हो चुके हैं, अब मैं अपनी गाड़ी में झाड़ू और पैसे लेकर जाउंगी।

18 अप्रैल की वारदात में शामिल गैंगस्टर पिंकू गिरफ्तार

समर न्यूज़ | डेराबस्सी

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) पंजाब और एसएएस नगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 18 अप्रैल के मामले में वांछित आरोपी अजय शर्मा उर्फ पिंकू को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, डेराबस्सी में हुई वारदात की जांच के दौरान अजय की भूमिका सामने आई थी। लगातार तलाश के बाद उसे डेराबस्सी के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक .32 बोर की पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि वह विदेश में बैठे गैंगस्टरों गोल्डी बराड़ और मनदीप उर्फ मनदीप स्पेन के इशारों पर काम कर रहा था। पुलिस ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी से ट्राइसिटी में बड़ी वारदात टल गई। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है।

संदेश बायोफार्मास्यूटिकल रिसर्च को मजबूत करने का दिया संदेश

केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने नाईपर मोहाली का दौरा किया

समर न्यूज़ | मोहाली



केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा ने शुक्रवार को राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (नाईप), मोहाली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान में चल रहे शोध कार्यों, नवाचार परियोजनाओं और भविष्य की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उनके दौरे को भारत सरकार की औषधीय शिक्षा, अनुसंधान और बायोफार्मास्यूटिकल क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

नाईपर कन्वेंशन सेंटर पहुंचने पर उनका स्वागत संस्थान के अधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के औषध विभाग के सचिव मनोज जोशी, अवर सचिव गीता अशोक और उप सचिव डॉ. किन्नी सिंह भी मौजूद रहे। इसके बाद बोर्ड रूम में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान नाईपर मोहाली के निदेशक प्रो. दुलाल पांडा ने संस्थान की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि नाईपर शोध उत्कृष्टता के लिए लगातार कार्य कर रहा है और यहां से निकले छात्र देश-विदेश में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

प्रो. पांडा ने बताया कि संस्थान सेल एवं जीन थेरेपी, बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर्स, मेडिकल डिवाइसेस, एआई आधारित फार्माकोइन्फॉर्मेटिक्स और एडवांस ड्रग डिलीवरी सिस्टम जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में शोध कर रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि संस्थान ने बायोफार्मास्यूटिकल्स और रेगुलेटरी अफेयर्स में दो नए पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स भी शुरू किए हैं।

सचिव Manoj Joshi ने फैकल्टी और विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उद्योग सहयोग, तकनीकी हस्तांतरण और ट्रांसलेशनल रिसर्च को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल शोध पत्र और पेटेंट तक सीमित रहने की बजाय शोध को व्यावसायिक उपयोग तक पहुंचाना जरूरी है। अपने संबोधन में जे. पी. नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार भारत को बायोफार्मास्यूटिकल क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने एपीआई, बायोलॉजिक्स और मेडिकल रिसर्च के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए नाईपर को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

दौरे के दौरान मंत्री ने तकनीकी प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जहां शोधकर्ताओं ने अपने प्रोजेक्ट, पेटेंट और क्लीनिकल रिसर्च मॉडल प्रस्तुत किए। इसके अलावा उन्होंने संस्थान के औषधीय रसीले पौधों के गार्डन का उद्घाटन किया और अत्याधुनिक रिसर्च लैब्स का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की।

यह दौरा नाईपर मोहाली के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है और इससे संस्थान के शोध कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

2027 के स्व-गणना चरण का हलका डेराबस्सी में शुभारंभ

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़



हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा पोर्टल में जानकारी भरते हुए।

हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने आज अपने गांव बाकरपुर टैंकी में जनगणना 2027 के पहले चरण 'स्व-गणना' का उद्घाटन करते हुए डिजिटल पोर्टल के माध्यम से अपनी स्व-गणना प्रक्रिया की शुरुआत की।

इस अवसर पर उन्होंने हलका डेराबस्सी के सभी निवासियों से अपील की कि वे इस तकनीक आधारित जनगणना में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि सटीक और आधुनिक आंकड़ों के आधार पर विकास कार्यों को और गति मिल सके।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की जानकारी राज्य की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए हम सभी को मिलकर एक प्रगतिशील और आधुनिक पंजाब के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर अपनी बुनियादी जानकारी भर सकता है, जिसमें आवश्यकता अनुसार बाद में संशोधन भी किया जा सकता है। यह स्व-गणना प्रक्रिया 30 अप्रैल से 14 मई तक चलेगी। इसके बाद 15 मई से 13 जून तक गणनाकार घर-घर जाकर जनगणना संबंधी डेटा एकत्र करेंगे और स्व-गणना के तहत अपलोड की गई जानकारी का सत्यापन करेंगे।